an>

Title: Need to set up Indian Institute of Management in Pimpri-Chinchwad City in Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): उपाध्यक्ष महोदय, बजट 2014 में माननीय वित्त मंत्री जी ने देश के विभिन्न शहरों में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमैन्ट खोलने का प्रस्ताव किया था, जिसमें महाराष्ट्र का भी नाम शामिल हैं।

महोदय, पूरे देश में पुणे शहर को एजूकेशन हब के नाम से जाना जाता है। वैसे पूना-पिंपरी चिंचवड शहर एक ही माना जाता है। यह शहर महाराष्ट्र राज्य के पुणे महानगर क्षेत्र में से एक है। जो कि पुणे के ट्विन सिटी के रूप में माना जाता है। पिंपरी-चिंचवड में विभिन्न आटोमोबाइल कंपनियों, औद्योगिक कंपनियों के अतिरिक्त सभी जानी मानी आई.टी. कंपनियां भी हैं। पिंपरी-चिंचवड एशिया के मेजर इंडस्ट्रियल हब में से एक है। जबकि इसी एरिया में 200 एकड़ में इंडस्ट्रियल कन्वेंशन सैंटर बनने जा रहा है। पिंपरी-चिंचवड न्यू टाउनशिप डैवलपमैन्ट अथारिटी, जो कि महाराष्ट्र सरकार के अंतर्गत है, इस संस्था के पास सैक्टर 12 में 125 एकड़ जमीन उपलब्ध है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से पिंपरी-चिंचवड शहर में इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ मैनेजमैन्ट बनाये जाने की मांग करता हूं।